अमर उजाला 08/04/2025

# विद्यार्थी अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली : डॉ. सिंह



जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के बाद उपस्थित जीएमएन कॉलेज का स्टाफ। संवाद

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी और जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सक्रिय भागीदारी रही।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल अंबाला छावनी से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जोगिंद्र सिंह रहे। इसके संयोजक डॉ. राकेश कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की ओर से मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ दिया।

मुख्य अतिथि डॉक्टर जोगिंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य केवल रोग से बचाव नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मानसिक, शारीरिक और सामाजिक समरसता की स्थिति है। युवाओं को नशे, अवस्थित खानपान और तनाव से दूर रहकर एक संतुलित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। संवाद